



## एक नजर में

### छात्रावास में इंसीनरेटर मशीन का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कृषि महाविद्यालय में एनएसएस अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड बैंक तथा कन्या छात्रावास में इंसीनरेटर मशीन का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ.डीएस तोमर द्वारा की गई। इस पहल को एनएसएस प्रमुख एवं छात्रावास अध्यक्षिका डॉ. शीला रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों में आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आश्रया फाउंडेशन एवं सम्वेदना फाउंडेशन द्वारा किया गया।**

कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर अपने कार्यकाल की प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, लड़का-लड़की समानता, महिला सशक्तिकरण, जन-धन योजना, तथा कृषि, बागवानी एवं मत्स्य पालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि विद्यार्थी देश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने में कृषि विकास हेतु आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। आश्रया फाउंडेशन के संस्थापक प्रियांशु खेमेंरिया ने अपनी सामाजिक यात्रा के संबंध में जानकारी सभी से साझा की।

# नहर की साफ-सफाई न होने से किसान आक्रोशित

**जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर रहे अनदेखी**

**नहरों के मेंटेनेंस के नाम पर चल रही लापरवाही**






**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ मोहनगढ़**
**जिले की मोहनगढ़ तहसील के मानसरोवर तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का पानी कई गांवों में सिंचाई के रूप में किसान खेती के लिए प्रयोग करते है । लेकिन इस साल मोहनगढ़ तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का मेंटेनेंस तो छोड़ो विधिवत रूप से साफ-सफाई तक नहीं कराई गई जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाने का अंदेशा है। किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में दिक्कतें खड़ी होती नजर आ रही है जिसका मुख्य कारण नहर की देखरेख और साफ-सफाई न होना है वर्षों से नहरों में मिट्टी के ढेर और अनचाही वनस्पति एवं तमाम गंदगी जमी हुई है जो की पानी की सप्लाई को प्रभावित करती है। साफ तौर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी को यह नहर दर्शाती है। जबकि नहरों की सफाई के नाम पर हर वर्ष आने बाली राशि का जल संसाधन विभाग बंदरवांट करने में लगा हुआ है। किसानों ने नहर की साफ-सफाई कराए जाने की मांग प्रशासन से की है । नहरों की साफ सफाई ना होने से स्थानीय किसानों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।**

दरअसल सिंचाई विभाग में शासन की ओर से नहरों की साफ-सफाई के लिए लाखों रुपए आवंटित किए जाते हैं जिससे नहरों की साफ-सफाई कर उनका रखरखाव किया जाए।

जिससे किसानों के लिए नहरों में पानी की सप्लाई अवरुद्ध न हो सके। मगर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते अनुभाग सहित जिले भर की नहरों की कई वर्षों से साफसफाई नहीं कराई गई। जिसके कारण नहरों में अनचाही वनस्पति मिट्टी के ढेर और गंदगी जमा हर वर्ष हो जाती है। यहां तक कि किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की अनदेखी के चलते मोहनगढ़, गुलाबपुरा एवं ग्याजीतपुरा गांव में नहर के दोनों किनारों पर लोगों ने अतिक्रमण कर पक्का निर्माण तक कर लिया है।

**शासकीय राशि का बंदरबांट करने का आरोप**

साफ तौर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी को यह नहर दर्शाती है। जबकि नहरों की सफाई के नाम पर हर वर्ष आने बाली राशि का जल संसाधन विभाग बंदरवांट करने में लगा हुआ है। किसानों ने नहर की साफ-सफाई कराए जाने की मांग प्रशासन से की है । नहरों की साफ सफाई ना होने से स्थानीय किसानों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों ने बताया कि नहरों के रखरखाव के नाम पर जल संसाधन विभाग के आला अधिकारी शासन से मिलने बाली राशि का बंदरवांट कर लेते है।

## कलेक्टर ने खाद व्यवस्था का लिया जायजा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गोर मंडी परिसर में खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोर गोदाम से डीएपी,एनपीके खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये।**

इस दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने वितरण केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद किया। किसानों ने बताया कि दरगांयखुर्द तथा मोहनगढ़,अचर्रा की टीकमगढ़ मंडी से दूरी होने के कारण नगद खाद लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था टीकमगढ़ से खाद लाने में 50 रुपये प्रति बोरी परिवहन का अलग देना पड़ता था।कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गोर मंडी परिसर में खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोर गोदाम से डीएपी,एनपीके खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्या का निराकरण करते हुये संबंधित अधिकारियों द्वारा गोर मंडी से नगद खाद वितरण प्रारंभ करने से मोहनगढ़, गोर, दरगांय और अचर्रा क्षेत्र के कृषकों को राहत मिली है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण तथा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# युवा इंजीनियर प्रखर ने की मिसाल पेश



**नवभारत न्यूज पलेरा।**
**युवा इंजीनियर छात्र प्रखर विश्वकर्मा की कहानी विपरीत परिस्थितियों में बड़े सपने देखने की मिशाल है। अपनी पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना जुनून बनाया।**

उनकी सफलता केवल उनकी नहीं बल्कि उन लाखों भारतीय युवाओं की जीत है जो अभाव में भी प्रतिभा का परचम लहराते हैं। प्रखर को उनकी अनूठी वैज्ञानिक सोच के लिए विश्व की सबसे प्रतिष्ठित अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और देश की शान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनद्ध दोनों से आधिकारिक सम्मान प्राप्त है। इसरो के स्पेस ट्यूटर कार्यक्रम से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं जहाँ वह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए प्रेरित करते हैं। मप्र का मिसाइल मैन यह उपाधि उन्हें उनकी स्वय-विकसित मिसाइल परियोजनाओं के कारण मिली जो उनकी गहन अनुसंधान क्षमता और रक्षा क्षेत्र में योगदान की भावना को दर्शाती है। उनके प्रोजेक्ट्स देश की रक्षा प्रौद्योगिकी के भविष्य के लिए अमूल्य हैं। 19 वर्ष की अल्पायु में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर यह मुकाम हासिल करना किसी चमत्कार से कम नहीं है। स्पेस ट्यूटर के रूप में देश के भविष्य को संवारने वाला यह युवा आज टूट चुका है। प्रखर विश्वकर्मा ने अपने इस हृदय विदारक फैसले के लिए कुछ संदिग्ध लोगों के हस्तक्षेप और एक ऐसी असहनीय परिस्थिति को जिम्मेदार ठहराया है जहाँ से उन्हें कोई बाहरी रास्ता नहीं दिख रहा है। उनका बयान उन अदृश्य ताकतों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है जो देश की प्रतिभा को जीवन समाप्त करने की कगार पर धकेल रही हैं। प्रखर को तुरंत सुरक्षित किया जाए।

## निरंतर हो रही खाद की आपूर्ति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिला समन्वय समिति द्वारा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में रबी सीजन 2025-26 हेतु किसानों को सुलभता से खाद की उपलब्धता हेतु निरंतर खाद की आपूर्ति जिले में हो रही है।**

जिला विपणन अधिकारी अनिल कुमार नरवरे ने बताया गया कि गतवर्ष खरीफ2024 में विक्रय मात्रा 5896 मेट्रिक टन की अपेक्षा चालू वर्ष खरीफसीजन 2025 में मात्रा 12070मेट्रिक टन विक्रय हुआ है, जो गत्वर्ष के सीजन से मात्रा 6174 मेट्रिक टन अधिक विक्रय हुआ है। गतवर्ष रबी सीजन 2024-25 में मात्रा 31529 मेट्रिक टन विक्रय हुआ था। चालू वर्ष रबी सीजन 2025-26 में कुल मात्रा 10912 मेट्रिक टन की पूर्ति हो चुकी है। चूकि माह अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी में फसलों के लिए रासायनिक खादों की आवश्यता होती हैं, जिसके लिए लगातार खाद की पूर्ति हो रही हैं। शीघ्र टीकमगढ़ रैक प्वाइंट पर एनएफएल यूरिया की रैक लगना संभावित है, जिसमें से टीकमगढ़ जिले के लिए 525मेट्रिक टन की पूर्ति हो रही हैं। हरपालपुर रैक प्वांइट से भी यूरिया एवं डीएपी का प्रदाय एवं पूर्ति जारी है। माह नबम्बर में टीकमगढ़ रैक प्वांइट पर एनएफएल की एनपी के 20:20:0:13 के दो रैक शीघ्र आना संभावित है, जिसमें से सहकारिता क्षेत्र को क्रमशः कुल मात्रा 886 मेट्रिक टनऔर 988मेट्रिक टन प्राप्त होगा जिससें टीकमगढ़ जिले में कुल 1874 मेट्रिक टन पूर्ति होगी।

# समस्याओं के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ऊदल सिंह ठाकुर के निर्देशन में शासकीय कन्या माध्यमिक शाला नजर बाग टीकमगढ़ में चाइल्ड लाइन की टीम ने बाल विवाह को जड़ से समाप्त किए जाने एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं अधिकारों एवं इन समस्याओं से बाहर निकालने के संबंध में जानकारी दी।बाल विवाह एवं बच्चों से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान हेतु चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर पर सूचना दे सकते हैं।**

सामाजिक कार्यकर्ता वर्तमान बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा नायक, चाइल्डलाइन प्रभारी सत्यम अरजरिया एवं अशासकीय संस्था के अक्षय मिश्रा एवं लोकेन्द्र कुशवाहा के द्वारा भिक्षा नहीं शिक्षा एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कृति से होने वाले दुष्परिणामों से शारीरिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं से अवगत कराया और गुड टच बेड टच एवं बाल विवाह से संबंधित वीडियो भी दिखाए गए। साथी बच्चों को बाल विवाह न किए जाने की शपथ दिलाई और कहा गया की लड़की की शादी की सही उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत विवाह करें। साथ ही देवउठनी ग्यारह बाद से विवाह समारोह का आयोजन होना शुरू हो जाता है जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है।

## वेयर हाउस का किया गया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी मशीनों के लिये बनाये गये वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया जाता है। जिसके तहत जिला कलेक्टर ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने आज ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी मशीनों के लिये कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर, वेयर प्रभारी एपीसी सुभाष मिश्रा, निर्वाचन सुपरवाईजर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयंती पर गुरुद्वारे मे गुरुवाणी का पाठ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़**
**बुधवार को जिले सहित मुख्यालय पर गुरु नानक देव की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह से सिंधी गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने सिर पर केसरिया पगड़ी और हाथों में निशान साहिब लिए हे गुरु और सतनाम के जयकारे लगाए। नायकों का मोहल्ला स्थित गुरुद्वारे में गुरुवाणी का पाठ किया गया।**

सिंधी धर्मशाला और गुरुद्वारे में सुबह से कीर्तन और गुरुवाणी पाठ का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शबद-कीर्तन गाते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं का स्मरण किया। वक्ताओं ने बताया कि गुरु नानक देव ने नाम जपो, किरत करो और वंड को का संदेश दिया जो आज के समाज में भी उतना ही प्रासंगिक है। दोपहर 2 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। महिलाओं और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7.30 बजे से 10 बजे तक प्रस्तुत किए किए गए। तुलसीदास भगत एवं महिलाओं द्वारा रात 10 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। सिंधी धर्मशाला और गुरुद्वारे को रंग-बिरंगी लाइटों और फू लों से सजाया गया। प्रभातफेरी में आगे चल रही महिलाओं ने सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु गुरु नानक देव की शिक्षाओं का स्मरण करते हुए अपने घरों और मार्गों पर पहुंचे। सिंधी धर्मशाला में आयोजित हुए धार्मिक कार्यक्रम में सदर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला, सूर्य प्रकाश मिश्रा, जब्बार खान, अनीस अहमद सहित सिन्धी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# रोजाना हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

**मंगलवार की देर रात्रि तक चलता रहा बारिश का दौर**

**किसानों का फसलों की बुआई में हो रहा विलंब**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**
**मंगलवार रात एक बार फिर से बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। इस बारिश से लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे है। पिछले कुछ दिनों से मौसम साफबना हुआ था लेकिन मंगलवार को दिनभर की धूप के बाद अचानक शाम को बादल छा गए और रात में रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बुधवार सुबह चारों ओर हल्की धुंध छाई रही हालांकि धूप निकलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। मंगलवार की शाम अचानक रिमझिम बारिश और हल्की हवा चलने से लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा। इस दौरान करीब आधा घंटे तक बूंदा बांदी चलती रही इसके बाद बारिश थम गई।**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक तेज धूप रही। इसके बाद आसमान में घने बादल छा गए और देर रात हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद अगले पांच दिनों तक मौसम साफरहने का अनुमान है। रात में हुई बारिश ने किसानों की चिंता फिर बढ़ा दी है। खेतों में नमी बढ़ जाने से रबी फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश जारी रही तो बोवनी और देरी से हो सकेगी। किसानों ने बताया कि बीती रात हुई बारिश से खेत फिर गीले हो गए हैं। अब कम से कम दो से तीन दिन तक बुआई नहीं हो सकेगी। खेत सूखने के बाद ही काम शुरू होगा।भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री दर्ज किया गया था। सोमवार को अधिकतम 30 डिग्री और न्यूनतम 17.8 डिग्री जबकि मंगलवार को दिन का तापमान 29.2 डिग्री और रात का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।मौसम में बार.बार हो रहे बदलाव के कारण किसानों को बोवनी में देरी का सामना करना पड़ रहा है। 1 से 3 नवंबर के बीच जब मौसम साफ हुआ था तब किसानों ने तेजी से बुआई शुरू की थी। लेकिन फिर से हुई बारिश ने इस काम में रुकावट डाल दी है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया है।

**अनुष्ठान** कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा आयोजित

# अंगराज महोत्सव में चल रही राम कथा का समापन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सागर रोड पर स्थित प्रसिद्ध गौंगावेर हनुमान मंदिर में चल रहे हनुमान जी महाराज के अंगराज महोत्सव के तहत श्रीराम कथा का आयोजन 5 नवंबर को संपन्न हो गया। कथा के अंतिम दिन रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया गया। समापन पर यज्ञ अनुष्ठान के साथ कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ।**

कथा व्यास आचार्य बैजनाथ गंगेले ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने सुख-दुख को ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार करना चाहिए और सदैव प्रभु स्मरण में लीन रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब भक्त का भाव सच्चा होता है तो भगवान स्वयं अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। आचार्य गंगेले ने अहिल्या उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए भगवान श्रीराम के चरणों के प्रताप का महत्व बताया। उन्होंने श्रीराम-जानकी विवाह को जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति हमारी मां है और इसका अंधाधुंध दोहन हमारे अपने अस्तित्व को संकट में डाल देगा।आयोजन समिति के सदस्य पुष्पेंद्र यादव ने जानकारी दी कि कथा के दौरान श्रीराम-जानकी विवाह प्रसंग का भी वर्णन किया गया था। इस दौरान भजनों की ध्वनि और श्जय श्रीराम के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। कथा के समापन के बाद श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां डालीं।

इसके उपरांत कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सागर रोड पर स्थित प्रसिद्ध गौंगावेर हनुमान मंदिर में चल रहे हनुमान जी महाराज के अंगराज महोत्सव के तहत श्रीराम कथा का आयोजन 5 नवंबर को संपन्न हो गया। कथा के अंतिम दिन रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया गया। समापन पर यज्ञ अनुष्ठान के साथ कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया । इस दौरान जहां सैकड़ों लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया वही इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को मंदिर प्रबंधन द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

**समापन कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी**

सागर रोड पर स्थित प्रसिद्ध गौंगावेर हनुमान मंदिर में चल रहे हनुमान जी महाराज के अंगराज महोत्सव के तहत श्रीराम कथा का आयोजन 5 नवंबर को भंडारे के साथ संपन्न कराया गया।इस अवसर पर मुख्य यजमान सुरेश प्रसाद दौदेरिया, धनीराम सोनी,हरीश धमनियां, राजकुमार यादव, प्रमोद पटसारिया, गौरव शर्मा, राकेश उपाध्याय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सुअरों की मौत से फैल रही दुर्गंध से लोग परेशान

**नवभारत न्यूज पलेरा।**
**नगर पंचायत पलेरा के वार्ड नं 3 में करीब एक दर्जन से अधिक सुअरों की अज्ञात कारण के चलते मौत हो गई जिसके चलते वार्ड वासियों को दुर्गंध आ रही है। बाडवासी दुर्गंध से परेशान होकर के नगर पंचायत सीएमओ से वार्ड वासियों ने मांग की है कि सुअरों को हटाए जाए।**

जानवरों की मौत की खबर पूरे नगर में फैली तो जैसे ही यह जानकारी भाजपा नेता संजय अहिरवार को मिली तो मृत जानवरों की तत्काल मौके पर पहुंच कर मृत जानवरों के ऊपर दवाइयां छिड़कवाने का कार्य किया। नगर पंचायत पलेरा के वार्ड नं 3 में करीब एक दर्जन से अधिक सुअरों की अज्ञात कारण के चलते मौत हो गई जिसके चलते वार्ड वासियों को दुर्गंध आ रही है। बाडवासी दुर्गंध से परेशान होकर के नगर पंचायत सीएमओ से वार्ड वासियों ने मांग की है।

## एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेश अनुसार एवं प्राचार्य डॉ केसी जैन के निर्देशन में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार विषय- सतत विकास जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता एवं पर्यावरण का संरक्षण पर आयोजित किया गया।**

बेविनर संयोजक डॉ राम मनोहर अहिरवार एवं आयोजक सचिव डॉ रुपेश कुमार लोहारिया ने बताया कि सर्वप्रथम वेबीनार अध्यक्ष डॉ केसी जैन, मुख्य अतिथि डॉ नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग सागर डिविजन, विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार खरे, डॉ इंद्रजीत जैन, डॉ एबी खरे, डॉ आईपीएस गहीरवार, डॉ शशी प्रभा जैन, डॉ विजय सिंह शाक्य, डॉ प्रतीक्षा चौबे, प्रो सुमित बनर्जी और डॉ आस्था दुबे द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जैन ने वेबीनार के उद्देश्य के बारे में बताया गया।